### ब्रीफ खबरें

#### भामसं के संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार पहुंचे जादूगोड़ा

**जादूगोड़ा ।** भारतीय मजदूर संघ के संगठन मंत्री बृजेश कुमार रांची से जादूगोड़ा पहुंचे. पुष्प राज की अगुवाई में यूनियन नेताओं ने यहां उनका स्वागत किया. संगठन मंत्री ने यूनियन नेताओं से संगठन समेत जेनरिक दवाइयों, रिटायरमेंट के बाद मेडिकल सुविधा, पेंशन समेत अन्य मुद्दों की ली जानकारी. उन्होंने संगठन की मजबूती को लेकर कई टिप्स दिए. इस मौके यूनियन महामंत्री मुरली मनोहर राव, उमेश चंद्र कुमार, पुष्प राज समेत यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकारणी सदस्य उपस्थित थे.

#### डीएवी की छात्रा मेघा साऊ ने जीता गोल्ड मेडल

**बहरागोड़ा ।** टीपीएस डीएवी की 12वीं कक्षा की छात्रा मेघा साऊ ने डीएवी सीएमसी द्वारा परिचालित राज्य स्तरीय खेल में गोल्ड मेडल जीत कर कीर्तिमान हासिल किया. बहरागोड़ा जैसे सुदूर क्षेत्र से दस स्कूलों में से सबसे सर्वोत्तम प्रदर्शन दिखा कर अंडर-19 कराटे में गोल्ड मेडल जीता. वह डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के लिए क्वालिफाइड कर नेशनल स्पोर्ट्स दिल्ली में आयोजित मैच में भाग लेने जाएगी. स्कूल के प्राचार्य अनूप ने कहा कि मेघा साव ने गोल्ड मेडल जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया जो एक स्कूल का सम्मान है. इसी तरह सभी आगे बढ़े और इस क्षेत्र तथा स्कूल का नाम रोशन करें.

#### नौ लाभुकों के बीच किया बकरा-बकरी का वितरण

**घाटशिला ।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत आईटीडीए द्वारा शत प्रतिशत अनुदान पर नौ लाभुकों के बीच विधायक प्रतिनिधि जगदीश भगत द्वारा बकरी का वितरण किया गया. इस मौके पर प्रभारी कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार साव ने बताया कि सभी लाभुकों को चार बकरी एवं एक बकरा दिया गया है. ताकि छोटे स्तर पर वे अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं. विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि अनुसूचित जनजाति के लोग बकरी पालन से अपना व्यवसाय शुरू करें, सरकार हर संभव मदद करेगी.

#### घाटशिला प्रखंड के पंचायत सचिव हड़ताल पर गए

**घाटशिला ।** प्रखंड के सभी पंचायत सचिव मंगलवार से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं. यह जानकारी बीपीआरओ जयप्रकाश पंडित ने दी है. इससे पूर्व मनरेगा कर्मी हड़ताल पर डटे हुए हैं. इसके कारण मनरेगा कार्य पूरी तरह प्रभावित है. बताया जा रहा है कि राज्य मुखिया संघ के आह्वान पर अपनी मुख्य मांग राज्य वित्तीय आयोग की राशि पंचायत को दी जाए सहित अन्य मांगों को लेकर सभी मुखिया भी अनिश्चितकालीन धरना पर गये हैं.

#### यूसिल ने स्कूल के बच्चों के बीच वितरित किए 100 छाते

**जादूगोड़ा ।** यूसिल की तुरामडीह यूरेनियम प्रोजेक्ट प्रबंधन ने कंपनी के आसपास के दो सरकारी स्कूल ताल्सा व तुरामडीह गांव के दो प्राथमिक विद्यालय के 100 बच्चों के बीच छाता का वितरण किया. यूसिल सीएसआर के नोडल अधिकारी एमके सिंघई जीएम (प्रोजेक्ट्स) ने कहा कि आने वाले दिनों में कंपनी के आसपास के गांव बान्दुहुराग, महुलडीह व तुरामडीह के आसपास के 15 स्कूलों के बीच 1310 छाते बांटे जाने की योजना है. कार्यक्रम को सफल बनाने में गिरीश कुमार गुप्ता, प्रबंधक (कार्मिक), जीतेश कुमार सीएसआर समन्वयक के साथ-साथ शिक्षक उपस्थित थे.

### जेबीवीएनएल जीएम ऑफिस में जुस्को के साथ बैठक में विधायक सरयू राय ने की मांग

# जुस्को के उपभोक्ताओं को भी 200 यूनिट बिजली पर सब्सिडी मिले

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**


बिजली जीएम कार्यालय में बैठक करते विधायक सरयू राय

- टेल्को आजाद मार्केट में नेटवर्किंग का काम जल्द होगा शुरू
- केबुल टाउन क्षेत्र में हर घर बिजली के लिए 29 को सुनवाई
- 15 सितंबर तक मोहरदा में सब स्टेशन निर्माण का कार्य हो जाएगा पूरा

जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने मांग की है कि जैसे जेवीबीएनएल के उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली पर सब्सिडी मिलती है, वैसे ही जुस्को क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भी 200 यूनिट तक सब्सिडी मिले. यहां जेबीवीएनएल महाप्रबंधक के कार्यालय में हुई बैठक में श्री राय ने टेल्को आजाद मार्केट में जुस्को की बिजली का भी मुद्दा उठाया. इस पर जुस्को के जीएम वीपी सिंह ने कहा कि जुस्को बिजली देने के लिए तैयार है. उपयुक्त फिजिबिलिटी के आधार पर जल्द ही नेटवर्क बिछाने का काम शुरू किया जाएगा. बैठक में जुस्को के जीएम वीपी सिंह ने बताया कि केबुल टाउन क्षेत्र में हर घर बिजली के लिए 29 अगस्त को हाईकोर्ट में सुनवाई होगी. इस संबंध में आरपी को भी नोटिस दिया गया है. उन्होंने कहा कि जुस्को बिजली देने के लिए तैयार है. एक हफ्ते के भीतर छायानगर सब स्टेशन का उद्घाटन हो जाएगा और 15 सितंबर तक बागुनहातू सब स्टेशन काम करना शुरु कर देगा. सितंबर के अंतिम हफ्ते तक मोहरदा क्षेत्र के लिए सब स्टेशन का निर्माण एवं बिजली के खंभे लगाने का कार्य पूर्ण हो जाएगा. सरयू राय द्वारा बर्मामाइंस के भक्तिनगर क्षेत्र में बिजली कनेक्शन के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि जुस्को नेटवर्क का काम पूरा हो गया है. अब वहां के निवासी जुस्को की बिजली के लिए आवेदन कर सकते हैं.

जुस्को बिजली देने के लिए तैयार है. श्री सिंह ने बताया कि नामदा बस्ती के आनंदनगर, विकास कालोनी आदि क्षेत्रों में जुस्को की बिजली के लिए सब स्टेशन स्थल का सत्यापन कर लिया गया है. जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरु होगा. वीपी सिंह ने विधायक श्री राय को बताया कि भुईंयाडीह, ग्वालाबस्ती, बाबूडीह, लालभट्ठा, शांतिनगर, कानूभट्ठा, छाई बस्ती आदि क्षेत्रों के लिए नेटवर्क बिछाने का काम शुरू होगा. फिजिबिलिटी के लिए सर्वे किया जा रहा है. बारीडीह बस्ती, बागुननगर डी ब्लॉक, टीओपी मैदान क्षेत्र के लिए सब स्टेशन स्थल का चयन कर लिया गया है. अक्टूबर में एलटी नेटवर्क के लिए फिजिबिलिटी का सर्वे शुरू किया जाएगा. लक्ष्मीनगर, बजरंगीबागान, झगड़ बागान, जेम्को, मिश्रा बागान आदि क्षेत्रों के लिए सब स्टेशन का स्थान फाइनल कर लिया गया है. बिरसानगर के लिए कंसलटेंट बहाल करने हेतु चयन की प्रक्रिया जारी है. विधायक सरयू राय ने जेवीएनएल के जीएम से घरों के ऊपर से गुजर रहे तार और बांस के माध्यम से की जा रही बिजली आपूर्ति को ठीक करने का निर्देश दिया.

कई स्थानों पर नए ट्रांसफारमर लगाने पर जेवीएनएल के जीएम ने कहा कि अक्टूबर तक नए ट्रांसफारमर लगा दिये जाएंगे. घरों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों को आरडीएसएस स्कीम के तहत ठीक कर लिया जाएगा. बैठक में जेबीवीएनएल के जीएम, जुस्को के जीएम, विधायक के निज सचिव सुधीर सिंह समेत जेबीवीएनएल के कार्यपालक अभियंता और कई पदाधिकारी मौजूद रहे.

# कांग्रेस पार्टी में विधानसभा चुनाव लड़ने की लगी होड़

### डॉ. अजय ने जमशेदपुर पूर्वी व धर्मेंद्र सोनकर ने पश्चिमी विस के लिए जमा किया दावा पत्र

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

कांग्रेस नेताओं में विधानसभा चुनाव लड़ने की होड़ मची हुई है. जिले के




छह विधानसभा सीट से पार्टी के नेता-कार्यकर्ता अपनी उम्मीदवारी का दावा कर रहे हैं. मंत्री सह जमशेदपुर पश्चिमी से विधायक बन्ना गुप्ता ने दोबारा दावा किया है. वहीं उसी क्षेत्र से पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर ने अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की तथा संभावित प्रत्याशी का आवेदन जमा किया. जबकि कांग्रेस नेता फिरोज खान ने भी जमशेदपुर पश्चिमी से अपनी उम्मीदवारी जताते हुए कांग्रेस कार्यालय प्रभारी संजय सिंह आजाद तो बायोडाटा सौंपा. दूसरी ओर जमशेदपुर पूर्वी से प्रत्याशी के तौर पर जन संपर्क अभियान शुरू कर चुके डॉ. अजय कुमार एवं जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार झा उर्फ बबलू झा ने नगर कांग्रेस अध्यक्ष के माध्यम से प्रदेश कार्यालय को अपनी उम्मीदवारी का पत्र सौंपा. डॉ. अजय कुमार एआईसीसी के सदस्य के अलावे ओडिशा, तमिलनाडु एवं पुडुचेरी के प्रभारी भी हैं.

#### सरायकेला, खरसांवा और ईचागढ़ से भी चुनाव लड़ने को कांग्रेस नेताओं लंबी लाईन


सरायकेला, खरसावां व ईचागढ़ के लिए दावा पत्र जमा करते नेता.

**आदित्यपुर ।** सरायकेला- खरसावां जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के संभावित प्रत्याशियों ने कार्यकारी जिलाध्यक्ष अम्बुज कुमार के समक्ष दावेदारी पेश की है. सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से पूर्व जिलाध्यक्ष बिशु हेंब्रम और मोहन सिंह सरदार ने दावा किया है. खरसावां विधानसभा क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी सरदार, प्रदेश कांग्रेस सचिव छोटराय किस्कू, जिला कांग्रेस महासचिव कृष्णा चन्द्र टुडू ने दावेदारी की है. ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से दुर्योधन गोप, राणा सिंह उर्फ हरेंद्र प्रताप सिंह, ऋषि मिश्रा, पूर्व मुखिया होनी सिंह मुंडा और मुबारक मोमिन ने दावेदारी की है. बता दें कि सभी दावेदारों ने जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार के पास अपना-अपना बायोडाटा समर्पित किया है. अंबुज कुमार ने बताया कि झारखंड कांग्रेस ने जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने हेतु तैयारी का निर्देश जिला कांग्रेस कमेटी को दिया है. उसी के आलोक में पार्टी से जुड़े लोग बढ़ चढ़ कर दावेदारी पेश कर रहे हैं. तीनों विधानसभा क्षेत्र से कई प्रमुख लोगों ने अपना-अपना बायोडाटा आज उनके पास जमा किया है. जिला कांग्रेस कमेटी उपरोक्त नामों को अपनी अनुशंसा के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजेगी. अंबुज कुमार ने कहा की तीनों विधानसभा सीट से चुनाव लडने के लिये जिला कांग्रेस कमेटी सरायकेला-खरसावां की तैयारी पुख्ता है. अभी कई और नाम दावेदारों की सूची में जुड़ने की संभावना है.

## सीएम के कार्यक्रम में घाटशिला प्रखंड से जाएंगी 2000 लाभुक

### प्रशासन ने की है बस एवं जलपान की व्यवस्था

**संवाददाता । घाटशिला**

घाटशिला प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी युनिका शर्मा ने पीडीएस डीलर एवं सभी सुपरवाइजर के साथ बैठक की. बैठक के दौरान बीडीओ ने सुपरवाइजर और डीलर को बताया कि बुधवार को सरायकेला-खरसावां जिला के रापचा फुटबॉल मैदान में प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के बीच सम्मान राशि का वितरण करेंगे. घाटशिला प्रखंड के विभिन्न पंचायत से इस योजना के कुल 2000 लाभुक को कार्यक्रम स्थल तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है. लाभुकों को ले जाने के लिए घाटशिला प्रखंड की ओर से बस तथा जलपान की व्यवस्था की गई है. इसके साथ ही विभिन्न पंचायत के लिए आंगनबाड़ी सेविकाओं को भी प्रतिनिधित्व किया गया है. प्रखंड प्रशासन का दायित्व है कि जो भी महिलाएं कार्यक्रम में जाएंगी उसे ले जाने और लाने तथा सभा स्थल तक की व्यवस्था सभी सुपरवाइजर सुनिश्चित करेंगे.

उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बसों में बस का सीरियल नंबर तथा आंगनबाड़ी सेविका एवं पर्यवेक्षक का मोबाइल नंबर लिखा होना चाहिए, ताकि किसी भी महिला को सभा स्थल से बस तक पहुंचने में कोई परेशानी ना हो. सभी को सुनिश्चित करनी होगी कि जितनी महिलाएं बस में गई थीं सभी सुरक्षित बस में पहुंची हैं या नहीं, इसका पूरा ध्यान रखना होगा. यह बड़ी जिम्मेदारी सुपरवाइजरों को लेनी है. सुबह 8 बजे प्रखंड मुख्यालय परिसर से एक साथ सभी बसों को रवाना किया जाएगा.

## ट्यूबरकुलोसीस को लेकर एचसीएल आईसीसी कंपनी ने निकाली प्रभात फेरी

**संवाददाता । घाटशिला**

ट्यूबरकुलोसीस (टीबी) के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए मंगलवार को मऊभंडार क्षेत्र में एचसीएल/आईसीसी कंपनी की ओर से प्रभात फेरी निकाली गई. एचसीएल/आईसीसी कंपनी के इकाई प्रमुख श्याम सुन्दर सेठी के मार्गदर्शन में प्रभात फेरी निकाली गई. प्रभात फेरी के दौरान कर्मचारियों ने "टीबी हारेगा देश जीतेगा" का नारा लगाया. प्रभात फेरी कंपनी के जनरल ऑफिस से होते हुए बाबूलाइन, टुमांगडुंगरी, ए ब्लॉक, बी ब्लॉक सहित अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कर जनरल ऑफिस पहुंचकर समाप्त हुई.

सभी कर्मचारियों एवं पदाधिकारी को यूनिट हेड ने शपथ दिलायी. कार्यक्रम में आईसीसी कंपनी के सीनियर मैनेजर (एचआर एंड ए) अर्जुन लोहरा, यूनियन अध्यक्ष बीएन सिंहदेव, महासचिव ओम प्रकाश सिंह एनके राय, प्रशांत कुमार, कर्मचारीगण, सुरक्षाकर्मी एवं अन्य शामिल थे. ज्ञात हो कि राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे अभियान में 30 वर्ष के ऊपर के सभी वयस्क लोगों को बीसीजी का टीका लेना है.

## कोलकाता की ट्रेनी डॉक्टर रेप-मर्डर के विरोध में रोटरी क्लबों का प्रदर्शन




**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को एक ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ हुई ज्यादती और हत्या के विरोध में मंगलवार को कोल्हान क्षेत्र के नौ रोटरी क्लबों ने साकची में रैली निकाली. साथ ही जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल से मुलाकात की और सरकार से ऐसी घटनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा. मौके पर रोटरी सदस्यों ने महिलाओं, खासकर मेडिकल प्रोफेशनल्स के खिलाफ होने वाले अपराधों पर चिंता व्यक्त की और सरकार से अस्पतालों में डॉक्टरों की सुरक्षा बढ़ाने और उनके लिए विशेष सुविधाएं प्रदान करने की मांग की. डीसी अनन्य मित्तल ने उनकी चिंताओं को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया. रैली में जमशेदपुर पश्चिम, जमशेदपुर ग्रीन, चाईबासा रोटरी क्लब, जमशेदपुर रोटरी क्लब मेन, जमशेदपुर दलमा रोटरी क्लब, जमशेदपुर मिड टाउन, रोटरी क्लब जमशेदपुर फेमिना, रोटरी क्लब जमशेदपुर स्टील सिटी और रोटरी क्लब जमशेदपुर ईस्ट के सदस्य शामिल थे.

## मऊभंडार में नंद उत्सव व भजन संध्या

**घाटशिला ।** प्रखंड क्षेत्र में जनमाष्टमी का त्योहार हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जा रहा है. इस मौके पर कई स्थानों पर पंडाल का निमार्ण कर तो कई स्थानों पर मंडप में भगवान श्रीकृष्ण के प्रतिमा को स्थापित कर पूजा अर्चना की गई. इस अवसर पर काशिदा दुर्गा मंडप में भगवान श्रीकृष्ण की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है. वहीं राम मंदिर घाटशिला में भगवान श्रीकृष्ण को भव्य झूला बनाकर उसमें बैठाया गया है. सभी स्थानों पर सोमवार की देर रात पूजा अर्चना की गई. रात के 12 बजे जब भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ तो उस समय कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया. वहीं मऊभंडार में श्रीकृष्ण मंदिर समिति की ओर से मंदिर परिसर में कृष्ण जनमोत्सव धूमधाम से मनाया गया. इस मौके पर भगवान का सोलह श्रृंगार किया गया. रात्रि के समय भजन संध्या के कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. भजन संध्या के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की अनुपम झांकी भी निकाली गयी. इस कार्यक्रम को देखने के लिए मंदिर पसिर में काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी थी. भजन संध्या के दौरान एक से बढ़कर एक गीत कलाकारों ने प्रस्तुत किया. भजन सुन कर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए. शुक्रवार तक भगवान का छठीहार मनाया जाएगा. इस दौरान महिलाओं द्वारा मंगल सोहर गीत गाए जाएंगे.



### फैसला पटना हाई कोर्ट का आदेश, प्रक्रिया तथा तिथि तय करने के लिए 15 सितंबर को होगी बैठक

# तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब कमिटी का चुनाव कराने का मार्ग प्रशस्त

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

गुरु गोविंद सिंह जी की जन्मस्थली तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधन कमेटी के चुनाव का मार्ग प्रशस्त हो गया है. पटना हाई कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए सभी पक्षों को बैठकर इस मामले का हल करने का आदेश जारी किया है. 15 सितंबर को बैठक होगी और उस बैठक में पटना के जिला मजिस्ट्रेट, वरीय पुलिस अधीक्षक, एसडीओ, बिहार राज्य निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं सचिव शामिल होंगे. उस बैठक में ही चुनाव की प्रक्रिया तथा तिथि तय करने को अंतिम रूप दिया जाएगा. इधर इस फैसले से महासचिव सरदार इंद्रजीत सिंह को बड़ी राहत मिली है. जबकि धान जगजोत सिंह सोही, पूर्व महासचिव महेंद्र पाल सिंह ढिल्लन, उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह को भारी झटका लगा है. सरदार जगजोत सिंह सोही गुट येन केन प्रकारेण महासचिव इंद्रजीत सिंह को कमेटी से बाहर का रास्ता दिखाने के लिए जुटा हुआ था और आपातकालीन बैठक बुलाने का दबाव बना रखा था.

पिछले वर्ष 17 जुलाई को ही कमेटी का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और चुनाव प्रक्रिया पिछले साल जनवरी माह से शुरू हो गई थी. लेकिन दक्षिण बिहार निर्वाचन क्षेत्र संख्या तीन को लेकर पूर्व महासचिव सरदार महेंद्र पाल सिंह उर्फ महेंद्र पाल सिंह ढिल्लन कानूनी दांव पर दांव चलने लगे. महेंद्र पाल सिंह और जगजोत सिंह सोही की पूरी कोशिश रही कि निर्वाचन क्षेत्र का परिसीमन कर किसी तरह से सरदार इंद्रजीत सिंह को हासिये पर डाल दिया जाए. यदि परिसीमन करने में संविधान आड़े आता है तो दक्षिण बिहार अर्थात झारखंड से ही इंद्रजीत सिंह का विकल्प खड़ा कर दिया जाए. इसमें जमशेदपुर से उन्हें पूरी मदद इंद्रजीत सिंह के विरोधी छद्म रूप से कर रहे हैं.

18 जुलाई 2023 को महेंद्र पाल सिंह पटना हाई कोर्ट की शरण में गए और वरीय अधिवक्ता आलोक कुमार राही द्वारा दायर याचिका सीडब्लूजेसी 10393/2023 गत वर्ष 25 जुलाई को स्वीकार कर ली गई. इसमें महासचिव सरदार इंद्रजीत सिंह, बिहार राज्य निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव एवं सलाहकार को प्रतिवादी बनाया गया. सरदार इंद्रजीत सिंह का पक्ष वरीय अधिवक्ता मुकेश कुमार ठाकुर एवं उनकी टीम ने रखा. प्रतिवादी पक्ष से अधिवक्ता विंध्याचल राय, अधिवक्ता शुभम सौरव, अधिवक्ता तनवीर अहमद, अधिवक्ता संजय सिंह, अधिवक्ता मोहम्मद फैसल करीम ने भी पक्ष रखा. सभी पक्षों को सुनने के बाद पटना हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति न्यायाधीश राजीव राय के न्यायालय ने मंगलवार को आदेश जारी किया कि 15 सितंबर को बैठक होगी और उस बैठक में सभी पक्ष उपस्थित होंगे तथा जिला मजिस्ट्रेट, वरीय पुलिस अधीक्षक एसडीओ तथा अन्य शामिल होंगे और चुनाव की प्रक्रिया तथा तिथि तय कर दी जाए. इसके साथ ही सुनवाई के लिए अगली तिथि भी मुकर्रर कर दी गई है.

#### राष्ट्रीय सनातन सिख सभा ने किया स्वागत

इस फैसले पर राष्ट्रीय सनातन सिख सभा के राष्ट्रीय संयोजक कुलविंदर सिंह ने स्वागत करते हुए कहा कि तख्त में चुनाव को लंबे समय तक टालकर स्वार्थ सिद्ध करने का पुराना इतिहास रहा है और इसकी पुनरावृत्ति को न्यायालय ने रोक दिया है.

### न्यूज अपडेट

#### मधुआबेड़ा गांव में जलमीनार का शिलान्यास



**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र की पाथरी पंचायत अंतर्गत मधुआबेड़ा गांव में जिप सदस्य भूपति नायक ने मंगलवार को जलमीनार का शिलान्यास किया. उन्होंने विधिवत रूप से इसकी पूजा अर्चना कर दर्जनों लोगों के साथ इस योजना का शिलान्यास किया. जिप सदस्य 25 के भूपति नायक ने कहा कि उक्त जलमीनार की निर्माण जिलापरिषद फंड से किया जा रहा है. जलमीनार की निर्माण होने से ग्रामीणों की पेयजल समस्या का समाधान होगा. इस मौके पर ग्रामप्रधान धनेश्वर मुंडा, सिपुन बासा, अंम्बु घोष, शंभु नायक, अरिजीत जाना, दुर्गा पद मुंडा, बिजन संड, अजित धड़ा, शौरी शंकर जाना, तपन जाना आदि समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे.

#### मरम्मत व सफाई के लिए आजसू ने सौंपा मांग पत्र



**जमशेदपुर ।** आजसू पार्टी महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष बबिता सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल जमशेदपुर अंचलाधिकारी से मिला. उन्हें एक मांग पत्र सौंपकर अंचल क्षेत्र के परसुडीह बाजार, मकदमपुर मुंशी मुहल्ला के साथ-साथ अगल बगल की कई बस्तियों में सड़क किनारे फेंके जा रहे कचरा की सफाई कराने की मांग की गई. नालियां जाम रहने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है. जिससे गंभीर बीमारियां फैलने का डर है. इसी तरह बारीगोड़ा नाली का पानी बीच सड़क पर बह रहा है जिससे आम जनमानस को काफी परेशानी हो रही है. अंचलाधिकारी से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की गई. प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से सचिन प्रसाद, सुनीता अग्रवाल, करण साहू, सौरभ, राहुल सिंह, संजय सामंता, समेत अन्य मौजूद रहे.

#### भारी बारिश से जलजमाव, बस्तीवासी परेशान



**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के राजलाबांध गांव के एनएच 18 के सर्विस रोड से बाजार तक जाने वाली सड़क पर जल जमाव होने से बस्तीवासी परेशान हैं. विगत कई दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण सड़क पर जल जमाव हो गया है. इससे लोगों के घरों तथा सड़क पर पानी भर गया है. साथ ही घर के सामने की सड़क जलमग्न हो जाने के कारण आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. वहीं ग्रामीणों का कहना है कि जल निकासी की व्यवस्था नहीं रहने के कारण भारी बारिश होने से पानी बस्ती के घरों में घुस रहा है. बस्तीवासियों ने कहा कि सड़क के दोनों किनारे निकासी नाली नहीं होने की वजह से सड़क पर ही पानी जमा हो जाता है. आवागमन करने से लेकर रहने तक में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

#### चंपाई सोरेन के बीजेपी में आने का किया स्वागत



**आदित्यपुर ।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की घोषणा का कर्मचारी महासंघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शशांक गांगुली ने स्वागत किया है. उन्होंने कहा कि देश की वर्तमान परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए चंपाई दा का यह कदम सराहनीय है. बीजेपी में रहकर ही वह झारखंड में आ रहे घुसपैठियों को रोकने का काम कर सकते हैं तथा यहां के आदिवासी, मूलवासी, पिछड़े वर्ग तथा सनातनी की सुरक्षा कर सकते हैं. आज समय आ गया है कि हम सभी सनातनी और हिंदुओं को एकजुट रहना होगा और यह बीजेपी में ही रहकर हो सकता है. झारखंड के सभी कर्मचारी उनके इस कदम का स्वागत कर रहे हैं.

#### घर सुरक्षित पहुंचे हल्दिया में फंसे 21 कामगार



**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के पूर्वांचल के विभिन्न पंचायतों के 21 कामगार पश्चिम बंगाल के हल्दिया नंदकुमार में मछली फैक्ट्री में कुछ महीनों से कार्यरत थे. कंपनी ने उन्हें बिना वेतन दिए ही काम करवा कर अचानक वहां से निकाल दिया .ऐसे स्थिति में कामगारों के पास न तो खाने की कुछ व्यवस्था थी न ही घर वापस लौटने के लिए उनके पास पैसा था. इसकी जानकारी कामगारों ने पूर्वांचल के युवा साथी अभिजीत दास के माध्यम से पूर्व विधायक कुणाल षड़ंगी तक पहुंचाया. जिस पर पहल करते हुए कुणाल षड़ंगी ने सभी कामगारों के लिए खाने एवं सुरक्षित घर आने का प्रबंध किया. कामगारों ने इसके लिये पूर्व विधायक कुणाल षड़ंगी के प्रति अपना आभार प्रकट किया है.

#### पंचायत सचिव ने डीसी कार्यालय पर दिया धरना



**जमशेदपुर ।** झारखंड पंचायत सचिव संघ के बैनर तले जिले के सभी प्रखंड के पंचायत सचिवों ने मंगलवार से बेमियादी हड़ताल पर जाने की घोषणा की. इसकी शुरुआत उपायुक्त कार्यालय पर धरना देकर हुई. संघ के नेता ने बताया कि दो सूत्री मांगों को लेकर सरकार को पूर्व में अवगत कराया गया था. जिसमें पंचायत सचिव का मूल ग्रेड-पे 2400 रुपये करने व प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी के पद पर वरीयता के आधार पर प्रोन्नति देना शामिल हैं. 14 वर्षों से उक्त मांग की जा रही है.लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है. संघ का कहना है कि पंचायत सचिव पंचायत की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय रहते हैं. इसके अलावे उनसे कई तरह के कार्य लिए जाते हैं. लेकिन सरकार मांग नहीं मान रही है. इसको लेकर 21 अगस्त को राजभवन के सामने भी धरना दिया गया था.

#### पांच सूत्री मांगों के समर्थन में धरना पर मुखिया



**डुमरिया ।** डुमरिया प्रखंड के मुखियाओं ने मंगलवार को बीडीओ निलेश कुमार मुर्मू को ज्ञापन सौंपकर धरना पर जाने की सूचना दी. मुखिया संघ के अध्यक्ष तपन कुमार मुर्मू ने बताया कि झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के आदेशानुसार प्रखंड के सभी मुखिया अनिश्चित कालीन धरना पर रहेंगे. मुखिया संघ ने पंचायत के विकास के लिए राज्य वित्त आयोग की राशि जल्द जारी करने, कार्यकाल के दौरान आकस्मिक मृत्यु, दुर्घटना होने पर पंचायत प्रतिनिधियों को तीस लाख मुआवजा देने, मुखियाओं को तीस हजार मंथली मानदेय देने, सरकारी योजनाओं में मुखिया व उनके परिजनों को शामिल करने और बिना पूर्ण जांच के वित्तीय अधिकार जब्त नहीं करने की मांग राज्य सरकार से की है. ज्ञापन देने मुखिया तपन कुमार मुर्मू, सुरेश हेंब्रम, मालती मुर्मू, मुखिया प्रतिनिधि उदय मुर्मू, विराम सोरेन व भागात बास्के आदि उपस्थित थे.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | जमशेदपुर, बुधवार 28 अगस्त 2024 भाद्रपद कृष्ण पक्ष 10 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 140 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## ब्रीफ खबर

### गगन रुस्तगी बने श्याम भटली परिवार के अध्यक्ष

**जमशेदपुर ।** शहर की धार्मिक संस्था श्री श्याम भटली परिवार जमशेदपुर की एक बैठक में पुरानी कमिटी को भंग कर सर्वसम्मति से नयी कमिटी का गठन किया गया. जिसमें गगन रुस्तगी को अध्यक्ष, ललित डांगा को सचिव तथां संदीप बजाज को कोषाध्यक्ष बनाया गया. मंगलवार को बिष्टुपुर स्थित एक होटल में निर्वतमान अध्यक्ष राजेश पसारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई.

### निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर 29 से

**जमशेदपुर ।** शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान का तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर नवजीवन का आयोजन 29 से 31 अगस्त तक बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में होने जा रहा है. स्व. मुन्ना बाबू गुप्ता ट्रस्ट के सौजन्य से आयोजित हो रहे इस निःशुल्क शिविर में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति और तुलसी भवन प्रबंधन का भी पूरा सहयोग मिल रहा है.

### गीता मुर्मू ने किया कई गांव का दौरा, बैठक

**घाटशिला ।** भाजपा मंत्री गीता मुर्मू मंगलवार को गालुडीह तथा कलाझोर ग्राम के दौरा कर ग्रामीणों के साथ बैठक की. बैठक के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि गांव की एक बुजुर्ग महिला गिलानी सिंह 70 वर्ष उम्र की है. उनका पैर टूटने से चलना फिरना मुश्किल हो गया है. वृद्ध महिला को अभी तक व्हील चेयर नही मिला. गीता मुर्मू ने कहा कि जल्द से जल्द बीडीओ से मिलकर व्हील चेयर दिलवाने का प्रयास करूंगी.

### रक्षा राज्य मंत्री का उदय सिंहदेव ने जताया आभार

**आदित्यपुर ।** भारतीय जनता पार्टी सरायकेला जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव ने बयान जारी कर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का आभार जताया है. उन्होंने कहा कि रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अलकेमिस्ट कंपनी का लापता विमान और दोनों पायलटों को ढूंढ़ने में सहयोग किया है. उदय सिंहदेव ने नेवी के अधिकारियों व जवानों की भी सराहना की.

### साक्ष्य के अभाव में गांजा तस्करी के आरोप से बरी

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के प्रधान एवं जिला न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा के न्यायालय ने साक्ष्य के अभाव में 50 किलोग्राम गांजा तस्करी के आरोप से मानगो आजाद नगर बस्ती के मोहम्मद नवाब एवं मोहम्मद परवेज को आरोप से बरी कर दिया.न्यायालय का यह फैसला 16 जनवरी 19 को सुंदरनगर थाना में एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 20 (बी) (ii) सी के तहत दर्ज कांड संख्या 5/19 में सुनाया.

### नीमडीह के चालियामा में आजसू पार्टी की पदयात्रा

**चांडिल ।** आजसू पार्टी की ओर से मंगलवार को नीमडीह प्रखंड के चालियामा में जनजागरण पदयात्रा निकाली गई. इसका नेतृत्व केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने किया. पदयात्रा में नीमडीह प्रखंड के चालियामा, टेंगाडीह, सामानपुर व लुपुंगडीह पंचायत के कार्यकर्ता शामिल हुए. कार्यकर्ताओं ने चालियामा गांव का भ्रमण कर हेमंत सरकार हाय हाय, हेमंत सरकार वादा निभाओ आदि नारे लगाए.

### मानगो में मिला डेंगू का लार्वा, वसूला जुर्माना

**जमशेदपुर ।** मानगो नगर निगम की ओर से मंगलवार को विभिन्न मुहल्लों में साफ-सफाई के साथ-सात एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया. वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मुहल्लों में घुम घुमकर एंटी लार्वा की खोज की. इस दौरान चेपा पुल के पास निरीक्षण करने के दौरान एक व्यक्ति के घर में जल जमाव पाया गया. इसके लिए 1000 रुपया जुर्माना वसूला गया. अपर नगर आयुक्त ने प्रतिदिन एंटी लार्वा का छिड़काव करने का निर्देश कर्मियों को दिया.

## बारिश की खूबसूरती : हिरणी फॉल उफनाया



चक्रधरपुर व आसपास के क्षेत्रों में सोमवार से हो रही तेज बारिश के कारण बंदगांव प्रखंड की नदियां उफान पर हैं. हिरणी फॉल भी उफनाई हुई है. इसे देखने के लिए पर्यटक भी उमड़ रहे हैं. नदी और झरने के बढ़े जल स्तर व खतरे को देखते हुए नदी के आसपास रहने वाले लोगों को सतर्कता बरतने को कहा गया है. हिरणी फॉल के पास पर्यटकों को जाने से मना कर दिया गया है. हिरणी फॉल के ऊपर से तेज रफ्तार में पानी का बहाव होने के कारण वहां तैनात पर्यटनकर्मी लगातार उसपर नजर बनाए हुए हैं. इधर बंदगांव प्रखंड की संजय नदी का भी जलस्तर अत्यधिक बढ़ गया है. नदी के नजदीक सुबान साई, मंडल टोला, नायक टोला, कालंदी टोला, साहू टोला समेत अन्य नदी के किनारे घर बनाकर रहने वाले लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है.

### गम्हरिया में मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम की तैयारी पूरी

## मुख्यमंत्री बांटेगें स्वीकृति प्रमाण पत्र

संवाददाता । आदित्यपुर

सरायकेला जिले के गम्हरिया प्रखंड के फुटबॉल मैदान रापचा में 28 अगस्त को प्रमंडल स्तरीय ₹झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना₹ कार्यक्रम की तैयारी पूरी हो चुकी है. दिन के 12 बजे से कार्यक्रम प्रस्तावित है. कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिन के 12 बजे पहुंचेंगे. वे तीनों जिले के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र बांटेंगे. कार्यक्रम स्थल पर 50 हजार कुर्सियां लगाई गई हैं. बता दें कि रापचा मैदान में आयोजित प्रमंडल स्तरीय झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के बीच बुधवार को स्वीकृति पत्र वितरण किया जाना है. कार्यक्रम स्थल पर हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था की गई है. कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर वरीय पदाधिकारी तैयारियों में लगे हैं. कार्यक्रम के दौरान विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने, सम्मानित जनप्रतिनिधियों व लाभुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजलापूर्ति, शौचालय,




मेडिकल टीम, एंबुलेंस की उपलब्धता, बैरिकेडिंग व अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लिया गया है.

### आदित्यपुर पुलिस की बीट व्यवस्था को अपराधियों की चुनौती

## कृष्ण गोप हत्याकांड के गवाह को मारी गोली

### पैदल आए थे छह अपराधी, घायल कोलकाता रेफर

- सामुदायिक भवन के पास टहल रहा था सुभाष
- कंधे के अलावा गले में भी लगी है गोली, हालत गंभीर
- घटनास्थल से चार खोखा बरामद, जांच जारी

संवाददाता । आदित्यपुर

कृष्ण गोप हत्याकांड के गवाह सुभाष प्रमाणिक को अहले सुबह सालडीह बस्ती में अपराधियों ने गोली मार दी. गोली उसके कंधे में लगी है. लोगों ने उसे टीएमएच पहुंचाया . उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे कोलकाता इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है. जानकारी के अनुसार अपराधियों ने सुभाष को तीन गोली मारी है. फिलहाल सुभाष प्रमाणिक की स्थिति गंभीर बनी हुई है. अपराधियों द्वारा चलाई गई गोली कंधे के साथ गले में भी लगी है.

मंगलवार की सुबह सुभाष अपने घर के पास बने सामुदायिक भवन के पास टहल रहा था. इसी दौरान पैदल पहुंचे आधा दर्जन अपराधियों ने सुभाष पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी. गोली सुभाष के कंधे में लगी है. घटनास्थल से पुलिस ने चार खोखा भी बरामद किया है. आदित्यपुर थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. बताया जा रहा है कि सुभाष कृष्णा गोप हत्याकांड का गवाह है. शायद इसी बात को लेकर कृष्णा गोप के हत्यारों ने उसे रास्ते से हटाने के लिए गोली मारी है. बता दें कि सोमवार की शाम में ही जिले के एसपी ने अपराध नियंत्रण के लिए आदित्यपुर थाना क्षेत्र को 8 बीट में बांटकर सभी क्षेत्रों के लिए पदाधिकारियों की नियुक्ति कर उन्हें सुरक्षा का जिम्मा सौंपा है और आज अहले सुबह हत्या के गवाह पर गोलीबारी कर दी है.



टीएमएच में भर्ती घायल सुभाष प्रमाणिक. (इनसेट फाइल फोटो)

### सालडीह में सोमवार की रात डिप्टी मेयर पर करना था हमला



घटनास्थल पर पूछताछ करती पुलिस.

आदित्यपुर के सालडीह में सोमवार की रात कृष्ण जन्माष्टमी पंडाल के उद्घाटन के समय ही अपराधियों की गोलीबारी करने का प्लान था. विश्वस्त सूत्र बताते हैं कि अपराधियों के निशाने पर डिप्टी मेयर अमित सिंह उर्फ बॉबी थे. लेकिन पुलिस की मुस्तैदी की वजह से अपराधियों का प्लान बदल गया और सुबह उनके निशाने पर दीपक मुंडा हत्याकांड के गवाह सुभाष प्रमाणिक आ गए. जिसपर अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी. बता दें कि डिप्टी मेयर अमित सिंह का बालू घाट संचालित करने वाले भाजपा नेता स्वर्गीय दीपक मुंडा की हत्या करीब 6 साल पूर्व कृष्णा गोप ने कर दी थी. इसके बाद से ही अमित सिंह अपराधी कृष्णा गोप के निशाने पर हैं. चूंकि अमित सिंह की गवाही से ही कृष्णा गोप को दीपक मुंडा हत्याकांड में सजा हो चुकी है. इस हत्याकांड के दूसरे गवाह सुभाष प्रमाणिक भी हैं. ताजा घटनाक्रम में सुभाष प्रमाणिक अपराधी संतोष थापा गुट से जुड़े हैं और अपराध की दुनिया छोड़ अन्य कारोबार में लगे हैं. बता दें कि दीपक मुंडा के बाद एस टाइप चौक पर एक बिल्डिंग मेटेरियल कारोबारी सुजय नंदी की भी हत्या का आरोप कृष्णा गोप पर है. सुभाष प्रमाणिक इस हत्याकांड का भी गवाह है.

## स्वास्थ्य मंत्री के क्षेत्र में 6106 मतदाता घटे

### विधानसभा चुनाव में पूर्वी सिंहभूम जिले के 18 लाख, 54 हजार 767 मतदाता डालेंगे वोट

- 20748 मतदाताओं का वोटर लिस्ट से कटा नाम
- जमशेदपुर पूर्वी समेत पांच विधानसभा में बढ़े मतदाता

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर

आगामी विधानसभा चुनाव में पूर्वी सिंहभूम जिले के 18 लाख, 54 हजार, 767 मतदाता वोट डाल सकेंगे. यह आंकड़ा बीते जून माह में संपन्न लोकसभा चुनाव से 14 हजार 511 कम है. लोकसभा चुनाव में 18 लाख, 69 हजार 278 मतदाताओं की सूची लिस्ट में थी. चुनाव के बाद जून एवं जुलाई में कराए गए विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में 6237 मतदाता बढ़कर कुल वोटर 18 लाख, 75 हजार, 515 हुए. लेकिन भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 25 जुलाई से चलाए गए विशेष द्वितीय मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में जिले के 20 हजार 748 मतदाताओं का नाम सूची से हटाया गया. सबसे ज्यादा मतदाता जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र में घटे हैं. वहां 6 हजार 106 मतदाताओं का नाम सूची से हटाया गया. लोकसभा चुनाव के बाद कराए गए पुनरीक्षण में वैसे तो सभी विधानसभा क्षेत्र में मतदाता घटे हैं. लेकिन 20748 वोटर का नाम कटने के बाद भी जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा को छोड़कर अन्य विधानसभा में लोकसभा चुनाव की अपेक्षा कमोबेश मतदाता बढ़े हैं.

मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद मीडियाकर्मियों को उपायुक्त अनन्य मित्तल ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में चिन्हित मतदाताओं की संख्या के आधार पर ही विधानसभा चुनाव कराए जाएंगे. हालांकि मतदाता सूची में नाम जोड़ने व हटाने, स्थानांतरित करने की प्रक्रिया चलती रहेगी. उन्होंने कहा कि पिछली बार की अपेक्षा जेंडर रेशियो में सुधार हुआ है. अब ओवर ऑल 1000 पुरुष मतदाता पर 999 महिला मतदाता हैं. वहीं इस बार थर्ड जेंडर दो मतदाता बढ़े है. अभियान के दौरान पश्चिमी विधानसभा में दो थर्ड जेंडर बढ़े. जिससे जिले में उनकी संख्या बढ़कर 137 हो गई.

उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, स्थानांतरित करने तथा हटाने से जुड़े 1 लाख, 61 हजार, 787 फॉर्म प्राप्त हुए. पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था. इसे देखते हुए सभी बीएलओ को पहचान पत्र निर्गत करने का निर्णय लिया गया. उन्होंने जुगसलाई के मतदान केंद्र संख्या 164 व 165 की बीएलओ क्रमशः सुलताना खातुन व फिरदौस खातुन को पहचान पत्र प्रदान किया.



मीडिया को मतदाता सूची की जानकारी देते उपायुक्त अनन्य मित्तल.

### भाजमो जिलाध्यक्ष ने स्वीकारी डॉ. अजय कुमार की चुनौती

**जमशेदपुर ।** भाजमो महानगर अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने कांग्रेस नेता डॉ. अजय कुमार पर छिछोरी हरकत करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि जमशदेपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय और पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का पुतला फुंकवाकर डॉ. अजय ने विधायक को सार्वजनिक बहस की चुनौती दी. डॉ. अजय की चुनौती को पार्टी ने स्वीकार किया है. उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि एनजीटी में अर्जुन मुंडा ने स्वर्णरेखा नदी के तट पर बड़ी संख्या में बन रही बहुमंजिली इमारतों की जांच करने के लिए लिखा था. डॉ. अजय को बताना चाहिए कि अंचल अधिकारी ने इसमें इन्द्रानगर-कल्याणनगर की बस्तियों को किसके आदेश पर जोड़ दिया है. झारखंड सरकार की संयुक्त जांच समिति ने बहुमंजिली इमारतों की जगह बस्तियों के घरों को नदी के लिए खतरा बता दिया है. डॉ. अजय को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए.

## कृषि को बढ़ावा देने, विस्तार और प्रशिक्षण पर खर्च होंगे 2.32 करोड़

### मोटे अनाज के उत्पादन के लिए किसानों को करें प्रेरित: डीसी

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर

आत्मा (एग्रीकल्चर टेक्नालॉजी मैनेजमेंट एजेंसी) की शासकीय निकाय एवं जिला खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारिणी समिति की बैठक मंगलवार को समाहरणालय सभागार में हुई. बैठक में उपायुक्त समेत विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे. इस दौरान चालू वितीय वर्ष 2024-25 में आत्मा, एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के तहत किये जाने वाले कृषक गतिविधियों के बारे में चर्चा की गई.

उपायुक्त सह अध्यक्ष आत्मा अनन्य मित्तल ने मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देने, बेहतर जल प्रबंधन एवं दलहन की खेती से संबंधित बेहतरीन तकनीक की जानकारी प्राप्त करने के लिए वैसे संस्थान में किसानों को भेजने एवं कृषक गोष्ठी जैसे कार्यक्रमों में विशेष रूप से फोकस करने का निर्देश दिया. उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो भी एक्टिविटी की जाय, उसकी विस्तृत कार्यक्रम विवरणी वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आईटीडीए देने तथा स्वीकृति प्राप्त कर करने के लिए कहा.

जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा विवेक बिरूआ ने बताया कि इस वर्ष आत्मा, एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना हेतु कुल 2 करोड़, 32 लाख, 53 हजार रुपया स्वीकृत है. उक्त राशि खर्च करने के लिए आत्मा शासकीय निकाय ने स्वीकृति प्रदान की. कार्ययोजना के तहत अनुसार कृषक गतिविधियों को बढ़ावा देना, राज्यस्तरीय एवं अंतरराज्यीय प्रशिक्षण के लिए किसानों को भेजने, प्रदेश एवं जिलास्तरीय प्रशिक्षण, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर कृषक गोष्ठी आदि आयोजित करना है. कार्य योजना के तहत 40 ईकाई में मशरूम उत्पादन, सभी प्रखण्डों में एक-एक कृषक पाठशाला खोलना, महिला समूहों का क्षमता विकास, जिला स्तरीय कृषि मेला आदि गतिविधियों का संचालन करना शामिल हैं.

बैठक में वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेषक, आईटीडीए दीपांकर चौधरी, जिला परिषद सदस्य पार्वती मुंडा, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन सह जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं कृषक प्रतिनिधिगण उपस्थित थे.

### सफलता 20 सदस्यीय टीम ने गुरुवार से संभाला था मोर्चा, पहले दिन एनडीआरएफ ने शुरू किया था अभियान

## दुर्घटनाग्रस्त विमान को डैम से बाहर निकालने में नौसेना को लगे 14 घंटे

संवाददाता । चांडिल

चांडिल डैम में गिरे अल्केमिस्ट एवियशन प्राइवेट लिमिटेड का टू सीटर ट्रेनी विमान को सोमवार की रात बाहर निकाल लिया गया. दुर्घटनाग्रस्त विमान को डैम से बाहर निकालने में भारतीय नौसेना को 14 घंटे का समय लगा. भारतीय नौसेना की टीम में कुल 20 सदस्य हैं, जिनमें 15 गोताखोर और पांच तकनीकीशियन हैं. सोमवार की सुबह लगभग 10 बजे भारतीय नौसेना की टीम विमान को बाहर निकालने के लिए आवश्यक संसाधनों के साथ चांडिल डैम में घुसी थी, जो अभियान की सफलता के साथ रात के लगभग 11.40 बजे बाहर निकली. सर्च ऑपरेशन के दौरान भारतीय नौसेना को रविवार को लापता होने के छठे दिन चांडिल डैम की गहराई में दुर्घटनाग्रस्त विमान मिला था. बताया जा रहा है कि विमान डैम में डूबे कोयलागढ़ के निकट वनडीह और बड़डीह के बीच पानी की गहराई में मिला था.



विमान के साथ भारतीय नौसेना की टीम

### उड़ान भरने के 15 मिनट बाद लापता हो गया था विमान

अल्केमिस्ट एवियशन प्राइवेट लिमिटेड का विमान 20 अगस्त को सोनारी एयरपोर्ट से दिन के 11 बजे उड़ान भरने के करीब 15 मिनट बाद लापता हो गया था. थोडी देर बाद ही विमान का एटीसी से संपर्क टूट गया था. लापता विमान के चांडिल डैम में गिरने की स्थानीय लोगों द्वारा पुष्टि किए जाने के बाद मंगलवार 20 अगस्त की शाम से ही डैम और आसपास के क्षेत्रों में इसकी तलाश जारी थी. स्थानीय लोगों ने कोयलागढ़, प्रतापपुर स्थित शिव मंदिर के आसपास विमान के गिरने की बात कही थी. विमान और पायलटों को तलाश करने में गुरुवार की सुबह चांडिल स्वर्णरेखा बांध विस्थापित मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड और चांडिल डैम विस्थापित मत्स्यजीवी स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के सदस्यों के साथ स्थानीय मछुआरों की सराहनीय भूमिका रही. पायलटों के परिजन दुर्घटना का जिम्मेदार एवियशन कंपनी को बता रहे हैं. इस पर नीमडीह थाना में मामला भी दर्ज कराया गया है

### 21 को एनडीआरएफ और 22 को पहुंची नौसेना

लापता विमान के चांडिल डैम में गिरने की सूचना विभिन्न गांव के ग्रामीणों ने दी थी. इसके बाद एनडीआरएफ की टीम को बुलाकर 21 अगस्त से सर्च ऑपरेशन चलाया गया. सर्च ऑपरेशन के दौरान बुधवार को एक पायलट के जूते मिले थे. गुरुवार को एनडीआरएफ ने लापता विमान और पायलट की खोज करने के लिए डैम में अभियान चलाया. इस दौरान दुर्घटनाग्रस्त विमान के प्रशिक्षु पायलट शुभ्रोदीप दत्ता और दोपहर में प्रशिक्षक पायलट जीत शत्रु आनंद का शव बरामद किया गया था. गुरुवार को ही सुबह करीब 11 बजे भारतीय नौसेना की टीम चांडिल डैम पहुंची और आधुनिक उपकरणों के साथ लापता विमान की खोज शुरू की. विमान दुर्घटना की जांच जीडीसीए भी अलग-अलग एजेंसी से करा रही है. 24 अगस्त को दिल्ली से आई जीडीसीए की तीन सदस्यीय टीम भी चांडिल डैम में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच की. भारत सरकार के डायरेक्टरेट जेनरल ऑफ सिविल एविएशन भी विमान के लापता होने के मामले में जांच करा रही है.

### बड़े गुब्बारे के सहारे निकाला विमान



जानकारी के अनुसार भारतीय नौसेना की टीम ने डैम में करीब 45 फीट पानी के नीचे गिरे विमान को गुब्बारे के सहारे ऊपर उठाया. पानी की सतह से एक-दो मीटर नीचे विमान को रखकर वोट से खींच कर धीरे-धीरे बाहर निकाला गया. लापता विमान के चांडिल डैम में गिरने की स्थानीय लोगों द्वारा पुष्टि किए जाने के बाद 20 अगस्त की शाम से ही डैम और आसपास के क्षेत्रों में इसकी तलाश जारी थी. स्थानीय लोगों ने कोयलागढ़, प्रतापपुर स्थित शिव मंदिर के आसपास विमान के गिरने की बात कही थी. सोमवार को चांडिल डैम में मेला सा नजारा था. लोग दूर-दूर से दुर्घटनाग्रस्त विमान को देखने पहुंचे थे. विमान निकाले जाने के दौरान देर रात तक डैम में लोगों की भीड़ लगी थी. लोग भारी बारिश में भींगते हुए विमान को निकालते हुए देख रहे थे.

## फुटबॉल प्रतियोगिता मंगल सिंह डाकू टीम बनी विजेता



**चक्रधरपुर ।** जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर चक्रधरपुर प्रखंड की सुदूरवर्ती क्षेत्र कुलीतोडांग पंचायत के धरमसाई गांव में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन नया युवा विकास स्पोर्टिंग क्लब ने किया. मंगलवार को प्रतियोगिता का फाइनल मैच मंगल सिंह डाकू पोकुवाबेड़ा ने बहुत काला है पुरनिया की टीम को पेनाल्टी शूट आउट में हरा कर विजेता का खिताब जीता. इससे पहले मुख्य अतिथि डॉ विजय सिंह गागराई ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया. मौके पर विशिष्ट अतिथि पंचायत के मुखिया मांझीराम जोंको, सम्मानित अतिथि रामराई जामुदा मौजूद थे. विजेता टीम को 20 हजार व उप विजेता टीम को 15 हजार रुपए दिया गया. मौके पर कमेटी के अध्यक्ष जयपाल जामुदा, सचिव करण जामुदा, कोषाध्यक्ष जाटा आदि मौजूद थे.

### चांडिल : नौरंगराय सूर्या देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रुप सज्जा प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

# श्री जन्माष्टमी पर नन्हे भैया-बहनों ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**संवाददाता । चांडिल**

नौरंगराय सूर्या देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चांडिल में मंगलवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में रुप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि चांडिल के सब इंस्पेक्टर जॉर्ज पंचम बिरला, समाजसेवी विद्युत दा, समाजसेवी आशीष कुंडू, विद्यालय के प्राचार्य कुणाल कुमार, उप प्राचार्य सुब्रत चट्रजी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. मुख्य अतिथि ने भगवान श्री कृष्ण की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिन्दुओं के जितने भी पर्व हैं, सभी हमें सत्य एवं अच्छाई को अपने जीवन में उतारने का संदेश देते हैं. सुब्रत चटर्जी ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी का महत्व और वर्तमान समय में इस पर्व के आयोजन की विषेशता पर विस्तार से बताया.

**पुरस्कृत हुए बच्चे :** कार्यक्रम के दौरान राधा-कृष्ण, सुभद्रा, बलराम, कंस, बसुदेव, देवकी आदि के रूप में सजे प्रतियोगिता में नन्हे-नन्हे भैया-बहनो ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. सभी विजेता प्रतिभागियों को अतिथि द्वारा बैग, टिफिन, बॉक्स आदि पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया. पुरस्कार पाने वालों में नर्सरी के प्रथम धनेश्वर, द्वितीय उत्तम सिंह, तृतीय प्रकाश, चतुर्थ नूपुर और प्रिया, एलकेजी में प्रथम प्रिया महतो, द्वितीय मेघनाथ प्रमाणिक, तृतीय दिवाकर और चतुर्थः शगुन टुडू, यूकेजी में प्रथम शिवम, द्वितीय इशिका शर्मा, तृतीय श्री प्रिया, चतुर्थ स्वाती, प्रथम कक्षा में प्रथम ज्ञान प्रकाश, द्वितीय रिया, तृतीय जयंत, चतुर्थ राधिका ने प्राप्त किया. इसके अलावा प्रतियोगिता में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया. मौके पर विद्यालय की दीदी रजनी, मीरा, सूरज आदि की भूमिका सराहनीय रही. कार्यक्रम में कई अभिभावक, माता और बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे.



नौरंगराय सूर्या देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रूप सज्जा प्रतियोगिता में शामिल नन्हे भैया और बहन.

### चक्रधरपुर में पालने में कान्हा का हुआ स्वागत



**चक्रधरपुर ।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी की पूजा-अर्चना मंगलवार को भी चक्रधरपुर के कई मंदिरों में की गई. इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मंदिर में फूलों से सजे पालने में बाल गोपाल की प्रतिमा को झुलाया. साथ ही विधिवत पूजा कर राधे कृष्णा का उद्‌घोष किया. इस अवसर पर मंदिरों को आकर्षक तरीके से सजाया गया था. श्रद्धालुओं ने लड्डू-गोपाल की पूजा के दौरान प्रसाद के रूप में माखन व धनिया के चूर्ण चढ़ाए. वहीं इससे पहले सोमवार की रात जैसे ही घड़ी में 12 बजे, पटाखों की आवाज शहर में गूंजने लगी. श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर जमकर आतिशबाजियां की गईं. श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण के जयकारे लगाये. काफी संख्या में बारिश के बीच श्रद्धालु मंदिर पहुंचे थे. चक्रधरपुर के बाटा रोड स्थित हनुमान मंदिर, रेलवे स्टेशन के समीप गौर-निताई मंदिर, पंचमोड़ स्थित राधा-गोविंद मंदिर, सोनुवा बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर, शीतला मंदिर स्थित शिरडी साईं मंदिर, संतोषी मंदिर जन्मोत्सव मनाया गया.

### लोकेश्वर नाथ धाम मंदिर में मना जन्मोत्सव



**किरीबुरू ।** 26 अगस्त की अर्द्धरात्रि में अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र के संयोग में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव किरीबुरु स्थित लोकेश्वर नाथ धाम मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. मंदिर के पंडित आलोक मिश्रा, किरीबुरु के सीजीएम कमलेश राय, महिला समिति की अध्यक्ष सुनीता राय तथा सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति में मंत्रोच्चारण के साथ पूरी परम्परा व विधि विधान के साथ इस परम्परा को निभाया. अर्द्धरात्रि को कुछ मिनटों के लिये लाइट काटी गई. इसके बाद मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की जयघोष होने लगी. तत्पश्चात लाइट जलाकर भगवान श्रीकृष्ण के पालने को हिलाकर जन्मोत्सव मनाते हुये मंदिर की घंटिया व पीतल की थाल बजाया गया. कलाकार ढोलक, झाल के साथ पारम्परिक भक्ति लोकगीत व भजन कीर्तन गाते रहे. कई बच्चे कृष्ण व राधा का परिधान पहने मंदिर में पहुंचे. मंदिर कमिटी द्वारा पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक लाइटों से सजाया गया था.

### बारिश का कहर : चक्रधरपुर व आस-पास के क्षेत्रों में नदियां उफान पर, जन-जीवन अस्त-व्यस्त, ग्रामीण परेशान

# नदी में युवक व पुल का डायवर्सन बहा



उफान पर विजय नदी और इनसेट में पानी में बहा युवक अशरफ की तस्वीर.



बरडीह गांव के समीप में संजय नदी के पुल का डायवर्सन.



नाला पर बने पुल के ऊपर से बहता पानी और एक छोर पर खड़े ग्रामीण.

- विजय नदी में अशरफ दोस्तों के साथ गया था स्नान करने
- दोस्तो ने बचाने का किया प्रयास , लेकिन असफल रहे
- स्थानीय लोगों ने युवक की काफी खोजबीन की

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

चक्रधरपुर अनुमंडल क्षेत्र में सोमवार की रात से ही बारिश का कहर जारी है. दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया है. इससे भारी नुकसान हुआ है. सभी नदी नाले उफान पर हैं. बंगलाटांड़ में विजय नदी में नहाने के दौरान 22 वर्षीय युवक बह गया. वहीं बंदगांव प्रखंड के कराईकेला पंचायत के बरडीह गांव के समीप संजय नदी पर बने पुल का डायवर्सन बह गया है. दूसरी ओर आनंदपुर मुख्य बाजार का सापू नाला पर निर्मित पुल पूरी तरह से डूब गया.

पुल के ऊपर से पानी बह रहा है. वाहनों और लोगों का आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है. जानकारी के अनुसार चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के बंगलाटांड स्थित विजय नदी में दोस्तों के साथ नहाने के दौरान 22 साल का युवक नदी के तेज बहाव में बह गया. उसकी मंगलवार देर शाम तक खोजबीन जारी थी. बताया जाता है कि चक्रधरपुर के बंगलाटांड निवासी अयूब मिस्त्री का 22 वर्षीय पुत्र अशरफ मंगलवार को अपने कुछ दोस्तों के साथ बंगलाटांड स्थित विजय नदी में नहाने गया था. नहाने के दौरान ही वह नदी के तेज बहाव में बह गया. इस बीच कुछ दोस्तों ने उसे नदी में बहता देख बचाने का प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे. इसके बाद स्थानीय लोगों ने उसकी खोजबीन शुरू की. कई स्थानों और नदी घाट पर जाकर लोगों ने अशरफ की खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया. इस संबंध में अशरफ के भाई परवेज ने बताया कि घर में बताकर मैं भी अपने भाई के साथ नदी में नहाने आया था, जैसे ही वह नहाकर नदी के दूसरे छोर की ओर जा रहा था, तेज बहाव में बह गया. इधर घटना को लेकर अशरफ के परिजन व स्थानीय लोग उसकी खोजबीन में जुटे हुये थे. खबर लिखे जाने तक युवक का कहीं पता नहीं चल पाया था.

#### पांच पंचायत के लोगों को हो रही परेशानी

इधर चक्रधरपुर के बंदगांव प्रखंड की कराईकेला पंचायत के बरडीह गांव के समीप में संजय नदी में बन रहे पुल का डायवर्सन भारी बारिश से बह गया. इससे पांच गांव के का संपर्क बंदगांव प्रखंड मुख्यालय से कट गया है. डायवर्सन बहने की सूचना ग्रामीणों ने प्रखंड प्रमुख पीटर घनश्याम तियु को दी. प्रमुख घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से कहा कि पुल निर्माण की अवधि एक वर्ष बीतने के बावजूद भी निर्माण नहीं हो पाया है. बिल्डर दो महीने से डायवर्सन को ठीक नहीं कर पाया है. पुल का डायवर्सन बह जाने से पांच पंचायत के सैकड़ों लोगों और स्कूली बच्चों को आवागमन में परेशानी हो रही है. दर्जनों गांव के ग्रामीणों को स्वास्थ्य, रोजगार व शिक्षा से संबंधित परेशानियों से जूझना पड़ रहा है. ग्रामीणों ने कहा कि डायवर्सन तो बह गया है, लेकिन इसकी वैकल्पिक व्यवस्था अविलंब होनी चाहिए, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत ना हो. प्रमुख ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्दी इसका समाधान निकाला जाएगा.

#### सापू नाला के ऊपर पुल से बह रहा पानी

दूसरी ओर चक्रधरपुर के आनंदपुर मुख्य बाजार का सापू नाला पर निर्मित पुल पूरी तरह से पानी में डूब गया है. पानी पुल के ऊपर से बह रहा है. इससे लोगों को आवागमन में परेशनी हो रही है. भालडुंगरी से आनंदपुर बाजार का संपर्क कट गया है. स्थानीय प्रशासन द्वारा पुल से दो पहिया और चार पहिया वाहनों का आवागमन रोक दिया गया है. स्थानीय लोगों को मजबूरन एक किमी का अतिरिक्त रास्ता तय कर जीरो किलोमीटर होते हुए हनुमान मंदिर के पास से नवनिर्मित पुल से आवागमन कर बाजार तक पहुंचना पड़ रहा है. आनंदपुर में लगने वाले साप्ताहिक हाट जाने में भी लोगों को परेशानी हुई. इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है. क्षेत्र के आसपास के सभी छोटे-छोटे पुल भारी बारिश में डूब गए हैं. प्रशासन की ओर से नदी किनारे घर बनाकर रहने वाले लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है. उन्हें जलस्तर बढ़ने पर सुरक्षित स्थान पर जाने को कहा गया है. प्रशासन बारिश के कारण स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है और परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है.

## न्यूज अपडेट

### रोट्रैक्ट क्लब ऑफ चाईबासा ने धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी



**चाईबासा ।** रोट्रैक्ट क्लब ऑफ चाईबासा ने हर्षोल्लास के साथ जन्माष्टमी के अवसर पर एक उल्लासपूर्ण और हर्षोल्लास से भरा आयोजन किया. इस अवसर पर रोट्रैक्टर्स, उनके परिवार और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. इससे पूरे आयोजन में खुशी और सामुदायिक भावना का संचार हुआ. इस उत्सव का मुख्य आकर्षण था पारंपरिक मटका फोड़ प्रतियोगिता. इसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जो भगवान कृष्ण की बाल-लीलाओं का प्रतीक है. इसके अलावा उत्सव में संगीत कुर्सी का खेल भी आयोजित किया गया.

### मंत्री दीपक बिरुवा ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



**चाईबासा ।** मुख्यमंत्री झारखंड सरकार का "झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना" के तहत सम्मान राशि के हस्तांतरण का कोल्हान प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत रापचा फुटबॉल मैदान में 28 अगस्त को दोपहर 12 से होगा. सफल संचालन हेतु मंगलवार को मंत्री दीपक बिरुवा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया. इस दौरान मंत्री दीपक बिरुवा ने स्थानीय जिला प्रशासन के पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए. मौके पर सांसद जोबा मांझी, विधायक निरल पूर्ति, सुखराम उरांव, दशरथ गागराई , संजीव सरदार, रामदास सोरेन, सविता महतो आदि मौजूद थे.

### नए बार भवन निर्माण के लिए परिवहन मंत्री से मिले



**चाईबासा ।** जिला बार एसोसिएशन चाईबासा परिसर में प्रस्तावित नए बार भवन के निर्माण के संबंध में मंगलवार को जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद व अधिवक्ता राजा राम गुप्ता ने परिवहन मंत्री दीपक बिरूवा से उनके कार्यालय में भेंट की. उन्होंने मंत्री से वार्ता कर सचिव भवन निर्माण विभाग झारखंड सरकार के यहां लंबित नए बार भवन के निर्माण संबंधी संचिका को जल्द से जल्द प्रशासनिक स्वीकृति दिलाने का अनुरोध किया. मंत्री ने आश्वस्त किया कि वे सचिव भवन निर्माण विभाग से संपर्क कर प्रशासनिक स्वीकृति दिलाने के लिए उचित पहल करेंगे. उसके साथ ही मुख्यमंत्री से भी इस संबंध में विचार-विमर्श किया जाएगा.

### चांडिल : परीक्षा हॉल में नहीं हैं पंखे, परीक्षार्थी परेशान



**चांडिल ।** सिंहभूम कॉलेज चांडिल के परीक्षा हॉल में पंखा नहीं होने और लड़कों के बाथरूम की साफ-सफाई कराने के लिए छात्र संगठनों ने प्राचार्य को पत्र सौंपा है. पत्र सौंपने वालों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सरायकेला-खरसावां जिला संयोजक समीर महतो, एआईडीएसओ के कॉलेज उपाध्यक्ष दयामय महतो और सुमित कुमार महतो शामिल थे. छात्र नेताओं ने पत्र में बताया कि सिंहभूम कॉलेज चांडिल के परीक्षा हॉल में पर्याप्त मात्रा में पंखा नहीं होने के कारण परीक्षार्थियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है. अत्यधिक गर्मी के चलते परीक्षार्थी अच्छे से परीक्षा नहीं दे पा रहे हैं. लड़के खुली जगह में पेशाब करते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### किरीबुरु : जेल जाने के भय से चोरों ने बकरी लौटा दी

**किरीबुरू ।** बकरी चोरों ने जेल जाने की भय से किरीबुरु निवासी अब्दुल उर्फ सोनू के घर पास से चोरी की गई बकरी एक सप्ताह बाद 27 अगस्त चोरों ने लौटा दिया. इस संबंध में अब्दुल ने बताया कि लगभग एक सप्ताह पूर्व उनकी बकरी की चोरी अज्ञात चोरों ने कर ली थी. एक व्यक्ति से जानकारी मिली कि घटना वाली रात किरीबुरु के मुर्गापाड़ा एवं आरसी सिंह हाटिंग के दो चोरों को बकरी चोरी कर ले जाते देखा गया था. इसके बाद अब्दुल ने एक चोर से पूछताछ की तो उसने सच्चाई बता दी. पुलिस का भय दिखाने के बाद चोरों ने बकरा अब्दुल को वापस कर दिया. उल्लेखनीय है कि शहर से कई लोगों की बकरियां चोरी हो चुकी हैं.

### चक्रधरपुर : संत जेवियर स्कूल के बच्चों ने जीते कई पदक

**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर शहर के पोटका स्थित संत जेवियर इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों ने सीआईएससीई गेम्स एंड स्पोर्ट्स 2024 फुटबॉल, ताइक्वांडो, खो-खो प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कई पदक जीते हैं. इसके तहत ताइक्वांडो प्रतियोगिता देवघर में हुई. इसमें तीन प्रतिभागी अनुएका मुंडरी, ब्रतिन दत्त, रोशन ने स्वर्ण पदक जीता. तीनों राष्ट्रीय स्तर पर तमिलनाडु में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होंगे. फुटबॉल के क्षेत्रीय प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक तुषार महतो व लखन केराई ने दुमका संत जोसेफ स्कूल से हासिल किया. अंडर-14 के सागर टोपनो का चयन राष्ट्रीय स्तर खेल के लिए हुआ है. खो-खो बालिका अंडर -14 में पूजा प्रधान ने कांस्य पदक जीता है. स्कूल के प्राचार्य फादर पुथुमाय राज ने सभी विजेता को शुभकामनाएं दीं.

# टैंकर से टकराया बाइक, दो घायल, एक एमजीएम रेफर



दुर्घटना स्थल पर क्षतिग्रस्त बाइक और उपस्थित स्थानीय लोग.

**संवाददाता । चांडिल**

चांडिल-कांड्रा सड़क पर चांडिल थाना क्षेत्र के मानीकुई के पास पानी टैंकर से बाइक सवार की जोरदार टक्कर हो गई. इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए. बाइक सवार दोनों घायल की पहचान चौका थाना के दिनाई निवासी संपद महतो और सनातन महतो के रूप में की गई है. दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल चांडिल भेजा. दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सकों ने संपत महत्व को एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर कर दिया. उनके सिर में चोट लगने की बात कही जा रही है. जानकारी के अनुसार दोनों बाइक सवार कांड्रा की ओर अपने गांव दिनाई जा रहे थे. इसी दौरान टैंकर के साथ जोरदार टक्कर हो गयी. दुर्घटना के बाद लोगों ने इसकी सूचना चांडिल थाना की पुलिस को दी और दोनों घायलों को इलाज के लिए चांडिल अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया.

# ईचागढ़ बीइइओ के समर्थन में आगे आए शिक्षक, बैठक की

**संवाददाता । चांडलि**



बीइइओ के समर्थन में आयोजित बैठक में मौजूद शिक्षक.

ईचागढ़ के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीइइओ) संजय कुमार जोशी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद ईचागढ़ के तमाम शिक्षक खुलकर उनके समर्थन में उतर गए हैं. इसको लेकर मंगलवार को प्रखंड संसाधन केंद्र ईचागढ़ में सरकारी व पारा शिक्षकों एवं बीआरसी कर्मचारियों की बैठक हुई. बैठक में शिक्षक सह जिले के एसआरपी तरूण कुमार सिंह एवं मंगल सिंह बेसरा भी शामिल हुए. इस दौरान कतिपय लोगों द्वारा ईचागढ़ के बीइइओ पर कमीशन लेने का आरोप लगाने, खेलो झारखंड योजना एवं अन्य योजनाओं में गड़बड़ी करने के साथ ही शिक्षकों को प्रताड़ित कर उनसे रुपये वसूलने संबंधी भ्रष्टाचार के आरोपों पर विस्तृत चर्चा की गई. सभी शिक्षकों ने एक सुर में बीइइओ पर लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज किया. किसी ने आपसी दुश्मनी की वजह से बीइइओ ईचागढ़ को ब्लैकमेल करने के उद्देश्य से इस तरह का झूठा तथ्य फैलाया है. ऐसे लोगों को चिन्हित कर दंडित करने की जरूरत है.

**सभी शिक्षक बीइइओ के साथ**

बैठक के बाद अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के ईचागढ़ प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता ने कहा कि ईचागढ़ बीइइओ संजय कुमार जोशी मित्रवत एवं सहयोगपूर्ण क्रियाकलाप के कारण ईचागढ़ के शिक्षकों के दिलों में बसते हैं. उन पर लगा लांछन ईचागढ़ के संपूर्ण शिक्षक समुदाय के ऊपर लांछन लगाने के तरह है. संघ के जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ साव ने कहा कि पूरा ईचागढ़ शैक्षिक समुदाय इस वक्त बीइइओ संजय कुमार जोशी के साथ खड़ा है. बैठक को कई सरकारी व पारा शिक्षकों के अलावा कर्मियों ने भी संबोधित किया.

**राजनीति** गीता कोड़ा, सीता सोरेन व अन्य नेताओं की तरह ही चंपाई सोरेन का भी हाल होगा

# पूर्व सीएम का निर्णय राजनीतिक रूप से आत्मघाती सिद्ध होगा : देवेन्द्र

- चंपाई के साथ एक भी विधायक नहीं हैं

**संवाददाता । चाईबासा**



चाईबासा कांग्रेस भवन में कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ चंपिया और उपस्थित अन्य नेता.

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री (सीएम) चंपई सोरेन भाजपा की जाल में पूरी तरह फंस चुके हैं. उनका निर्णय राजनीतिक रूप से आत्मघाती सिद्ध होगा. भाजपा किसी की नहीं है. जो भाजपा में गया उसका राजनीतिक करियर बर्बाद हो गया. भाजपा ने हेमंत सरकार को गिराने के लिए साजिश रची थी जो सफल नहीं हो सकी. यह बातें मंगलवार को कांग्रेस भवन, चाईबासा में पूर्व मंत्री सह कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ चंपिया ने अपनी प्रतिक्रिया कहीं. उन्होंने कहा कि जो भी नेता डर से या पैसे के लालच में भाजपा ज्वाइन किया उनकी दुर्दशा हो गई और राजनीतिक करियर दांव पर लग गया. चंपाई सोरेन के साथ में वही होगा जो गीता कोड़ा तथा सीता सोरेन एवं अन्य नेताओं के साथ हुआ है. चुनाव आयोग को यह पता था कि ऑपरेशन लोटस होने वाला है. इसी कारण झारखंड और महाराष्ट्र में मतदान कराने की घोषणा नहीं की गई. जहां तक चंपाई सोरेन का सवाल है. उनके साथ एक भी विधायक नहीं हैं. देवेन्द्र नाथ चंपिया ने कहा कि हेमंत सोरेन की मेहरबानी से चंपाई को मुख्यमंत्री बनाया गया और उन्होंने झामुमो और महागठबंधन के साथ विश्वासघात किया. चंपाई का सरायकेला विस क्षेत्र में कोई जनाधार नहीं है, बल्कि तीर-धनुष चुनाव चिन्ह और झामुमो व महागठबंधन का जनाधार के कारण उनकी जीत होती रही है. मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास, जिला बीस सूत्री सदस्य त्रिशानु राय, प्रखंड अध्यक्ष दिकु सावैयां, ग्रामीण मुंडा विजय सिंह सुंडी, जिला महासचिव लियोनार्ड बोदरा, वरीय कांग्रेसी राजेन्द्र कच्छप, संतोष सिन्हा आदि मौजूद थे.

# 30 अगस्त से आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम होगा

**संवाददाता । किरीबुरु**

नोवामुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी का कार्यालय द्वारा जारी आदेश पत्र के अनुसार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम विभिन्न पंचायतों में शुरू किया जाएगा. इस कार्यक्रम के माध्यम से जनता अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देकर उसका लाभ ले सकेंगे. इसके तिथि और स्थान भी जारी कर दिया गया है.

मेघाहातुबुरू उत्तरी पंचायत के प्राथमिक विद्यालय, नयागांव में 30 अगस्त को, किरीबुरू पूर्वी पंचायत के पंचायत भवन, बराईबुरु के सामने 31 अगस्त को, गुवा पूर्वी एवं गुवा पश्चिमी पंचायत में संयुक्त रुप से कम्युनिटी सेन्टर, गुवासाई (स्टेट बैंक के पीछे) में 2 सितम्बर को कार्यक्रम का आयोजन होगा. किरीबुरू पश्चिमी एवं मेघाहातुबुरु दक्षिणी पंचायत का संयुक्त रुप से पूजा पंडाल, किरीबुरु में 3 सितम्बर को, बड़ाजामदा और दिरीबुरु पंचायत का बड़ाजामदा पंचायत भवन के सामने 4 सितम्बर को. बालीझरण एवं महुदी पंचायत के प्रखंड परिसर, नोवामुंडी में 5 सितम्बर को. नोवामुंडी बस्ती पंचायत के पंचायत भवन के सामने 6 सितम्बर को कार्यक्रम का आयोजन होगा. कादाजामदा पंचायत का जामपानी स्कूल में 8 सितम्बर को, पोखरपी पंचायत का पोखरपी मैदान में 9 सितम्बर को, पेटेता पंचायत का हतनाबेड़ा चौक में 10 सितम्बर को, दुधबिला और कोटगढ़ पंचायत का उच्च विद्यालय कोटगढ़ में 11 सितम्बर को कार्यक्रम होगा. जेटेया पंचायत का पंचायत भवन के सामने 12 सितम्बर को तथा बडापासेया पंचायत का पंचायत भवन के सामने 13 सितम्बर को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित होगी.

